पूर्व प्राथमिक का मतलब

पूर्व का मतलब होता है। पहले और प्राथमिक शिक्षा के साथ इसे जोड़े तो प्राथमिक शिक्षा से पहले की शिक्षा। हमारे आस पास के स्कूलों में देखा जाता है कि पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में भी शिक्षक बच्चों को वर्णमाला, गिनती, पहाड़े या अंग्रेजी वर्णमाला को बुलाते और लिखाते रहते हैं। जबकि यह कार्य तो लिखने पढ़ने का है। जो की प्राथमिक शिक्षा का हिस्सा है। तो फिर सवाल यह उठता है कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा जो दो वर्ष की मानी जाती है उसमें बच्चों को क्या पढ़ाया जाना चाहिये? यदि पढ़ना लिखना प्राथमिक शिक्षा का हिस्सा है तो पूर्व प्राथमिक शिक्षा लिखने पढ़ने के पूर्व की तैयारी का समय होता है। जिसमें बच्चा वे तमाम क्षमताएँ अर्जित करता है। जिनकी बच्चे को लिखने पढ़ने के लिए आवश्यकता पड़ती है।

इसमें मुख्य रूप से शरीर का सन्तुलन होता है। जिसके अन्तर्गत पैरों का सन्तुलन, हाथों का सन्तुलन, आँखों का सन्तुलन, आँख और हाथ का सन्तुलन, हाथ और पैर का

सन्तुलन, हाथ पैर और आँख का सन्तुलन। जिनके सही ताल मेल से किसी भी काम को ठीक से किया जा सकता है।

रंगो की पहचान करवाना। उनके नाम जानना और पूछे जाने पर बता पाना तथा अपनी जरूरत के अनुसार उनका इस्तेमाल कर पाना।

कहानियाँ सुनना, सुनाना, अपनी बात दूसरों को समझा पाना और दूसरों की बात को समझ पाना।

समूह मे काम करने और मिलजुल कर रहने तथा एक दूसरे की मदद करने तथा संवेदनशीलता की प्रवृति को बढ़ावा देना।

अवलोकन करना, वर्गीकरण करना, समानीकरण करना और निष्कर्ष निकाल पाने की क्षमता को बढ़ाना। अपने आस पास के वातावरण की जानकारी और समझ बनाना।

पैर्टन खोजना, पैटर्न बनाना और पैटर्न को समझने की क्षमता का विकास करना।

अभिरूचियों का विकास करना जैसे नृत्य, गायन, वादन, ड्राईंग, पेन्टिंग, अभिनय व खेलों से परिचय करवाना।

कौशलों के विकास हेतु वातावरण देना। जैसे कारपेन्ट्री, पोट्री, क्ले, सीड़ियाँ चढ़ना उतरना।

कल्पना शक्ति और श्रृजनात्मकता के विकास हेतु कहानी सुनाना, कहानी बनाना, चित्र बनाना उस पर अपने विचार अभिव्यक्त करना

किसी कार्य को करने के लिये आवश्यक अनुशासन बनाये रखना तथा उसमें काम कर पाना।

साफ सफाई के महत्व को समझना तथा उसका ध्यान रखना।

उपरोक्त क्षमताएँ अर्जित करने हेतु पूर्व प्राथमिक स्तर पर बच्चों को अनेकों ऐसी गतिविधियाँ करवाई जाती हैं। जिनके माध्यम से बच्चे प्राथमिक स्तर पर काम करने के लिये तैयार होते है। और उनको आगे के कामों को करने में आसानी रहती है।

पूर्व प्राथमिक का मतलब